SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Term 1 Cass-notes
Subject: HINDI

CLASS: 6 L.No. 9 (संज्ञा) 10 (लिंग)
Prepared by:DEEPIKA MEHRA Given Date :
Prepared Date :

संज्ञा

परिभाषा – जिस शब्द के द्वारा किसी व्यक्ति , वस्तु ,स्थान अथवा भाव के नाम का बोध हो ,उसे संज्ञा कहते हैं |

संज्ञा के भेद - संज्ञा के मुख्य रूप से तीन भेद होते हैं :

१) व्यक्तिवाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति ,वस्तु अथवा स्थान के नाम का बोध होता है , उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं |

जैसे – सुधांशु , अमेरिका , गंगा , बाइबिल आदि |

२) जातिवाचक संज्ञा - जिस संज्ञा शब्द से किसी वर्ग या जाति के सभी पदार्थों , वस्तुओं या प्राणीवर्ग का बोध हो ,उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं |

जैसे – फल ,फूल ,नदी ,लड़की ,बच्चा आदि |

जातिवाचक संज्ञा को कुछ विद्वानों द्वारा दो अन्य भेदों में विभाजित किया गया हैं –

i) द्रव्यवाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द में किसी धातु ,द्रव्य अथवा पदार्थ का बोध हो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं |

जैसे – तेल ,घी ,लोहा ,गेहूँ .चाँदी आदि |

ii) समूहवाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द से एक ही जाती के व्यक्तियों ,वस्तुओं प्राणियों के समूह का बोध हो ,उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं |

जैसे – झुंड ,मंडल ,दल ,गिरोह आदि |

३) भाववाचक संज्ञा – जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति ,वस्तु ,स्थान के गुण ,दोष , भाव ,स्थिति या दशा का ज्ञान हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं |

जैसे – सरलता ,बेईमानी , हरियाली , बुढ़ापा ,थकान आदि |

लिंग

परिभाषा – शब्द के जिस रूप से यह पता चले की यह स्त्री जाति का है या पुरुष जाति का है ,उसे लिंग कहते है |

लिंग के भेद – लिंग के दो भेद होते हैं :

१) पुल्लिंग   २) स्त्रीलिंग

१) पुल्लिंग - शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध हो , उसे पुल्लिंग कहा जाता है |

जैसे – बंदर ,चूहा ,हाथी ,बालक ,देवर आदि |

२) स्त्रीलिंग – शब्द के जिस रूप से स्त्री जाती का बोध हो ,उसे स्त्री लिंग कहा जाता है |

जैसे – बंदरिया , चुहिया , हथिनी , बालिका ,देवरानी आदि |

प्रश्न -१) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए |

क. प्रिय – प्रिया

ख. चाचा – चाची

ग. दास –दासी

घ, ठाकुर – ठाकुराइन

प्रश्न -२) नीचे लिखे वाक्यों का लिंग परिवर्तन करके उन्हें पुनः लिखिए |

क. अध्यापिका लड़कियों को पढ़ा रही हैं |

उत्तर- अध्यापक लडकों को पढ़ा रहे हैं |

ख. लेखिका और कवि ने सभा को संबोधित किया |

उत्तर- लेखक और कवयित्री ने सभा को संबोधित किया |

ग. धोबिन ने कपड़े धोए |

उत्तर- धोबी ने कपड़े धोए |

घ. शेर ने पुरुष को घायल किया |

उत्तर- शेरनी ने स्त्री को घायल किया |